Regarding alleged illegal mining in Bijnore district, Uttar Pradesh

डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद): जिला बिजनौर थाना रायपुर सादात चौकी टांडा माईदास सुंदर वाले ने कथित रूप से बेतहाशा अवैध खनन चल रहा है। खनन का पट्टा केवल 26 बीघा का है जिस पर खनन का काम केवल 3 दिन में ही पूरा हो गया था, परंतु आज इन खनन माफियाओं ने कथित रूप से सैकड़ों बीघे का खनन कर दिया है। गरीब किसानों से सस्ती जमीन ले ली जाती है और खनन करते रहते हैं। टांडा माई दास गांव की सड़कों पर बड़े-बड़े 12 टायर वाले ओवरलोड डंपरों के चलने से सारी सड़कें बर्बाद हो रही है। इन के डर से किसान कुछ नहीं कह पा रहे हैं। पर्यावरण एवं खो नदी को जबरदस्त नुकसान हो रहा है। सरकार इसका संज्ञान लेते हुए अवैध खनन पर रोक लगाई और अपराधियों को सजा दिलाई जाए।